आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 06.06.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- केंद्र सरकार कल उम्मीद पोर्टल लॉन्च करेगी।
- चाथम आरा मिल ने इलेक्ट्रॉनिक आरा मिल ई–स्मार्ट अप्लीकेशन लॉन्च किया।
- माननीय उप–राज्यपाल ने राजस्व विभाग की उच्च स्तरीय सेवाओं को सरल बनाने की स्वीकृति दे दी है।
- जलयान सिंधु अब आज और आठ जून को जलयान नालंदा के स्थान पर लिटिल अंडमान के लिए रवाना होगा।

<><><><><><><>

केंद्र सरकार कल उम्मीद पोर्टल लॉन्च करेगी, जिसका उद्देश्य देशभर में वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण को सुव्यवस्थित करना है। यह पोर्टल सरकार द्वारा वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और नियमन को बेहतर बनाने के प्रयासों का हिस्सा है। वक्फ संपत्तियाँ वे धार्मिक संपत्तियाँ होती हैं जो इस्लामिक कानून के तहत धार्मिक या परोपकारी कार्यों के लिए समर्पित होती हैं। उम्मीद पोर्टल पर पंजीकरण के लिए संपत्तियों का विस्तृत विवरण, जैसे कि इसकी माप और जियो–टैग की गई लोकेशन, अनिवार्य रूप से दर्ज करनी होगी। उम्मीद पोर्टल का शुभारंभ वक्फ संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे इनके पंजीकरण और प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सकेगी। सरकार को आशा है कि यह पोर्टल वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की प्रक्रिया को आसान बनाएगा और इससे संबंधित विवादों में भी कमी आएगी।

<><><><><><><>

डिजिटलीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए सरकारी आरा मिल चाथम ने इलेक्ट्रॉनिक आरा मिल अप्लीकेशन, रिसोर्स मैनेजमेंट एंड टेकनीक (ई–स्मार्ट) अप्लीकेशन लॉन्च किया। इस अप्लीकेशन का निर्माण राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र द्वारा किया गया है। अप्लीकेशन के निर्माण से बिक्री और संचालन की प्रक्रिया आसान हो जाएगी, जिससे जनता, सरकारी विभागों, एस एस आई इकाई को चाथम मिल से लकड़ी की आसान खरीद में मदद मिलेगी। यह अप्लीकेशन लॉग इनटेक से बिक्री तक की सभी प्रक्रियाओं का वास्तविक डाटा प्रदान करेगा, जो बेहतर प्रबंधन और आपूर्ति श्रृंखला में बाधा को दूर करने में मदद

करेगा। प्रत्येक लकड़ी के टुकड़े के लिए क्यू आर कोड से बिक्री न सिर्फ आसान बनेगी, बल्कि लकड़ी के प्रबंधन में भी सहायक होगी। यह अप्लीकेशन भारत सरकार की डिजिटल इंडिया नीति को मजबूती से आगे बढ़ाता है।

<><><><><><><>

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण ने कल हर्षोल्लास से विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. पी. प्रकाश बाबू, कुलपति पांडिचेरी विश्वविद्यालय थे। उनके साथ–साथ डॉ. रामकृष्ण, पूर्व निदेशक, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण ने सभी आए गणमान्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर र्प्यावरण दिवस पर जागरूकता बढ़ाने और पृथ्वी के महत्वपूर्ण संसाधनों, वायु, जल, भोजन और जलवायु की रक्षा के प्रति जिम्मेदारी को बढ़ावा देने की बात कही गई। वर्तमान में जलवायु परिवर्तन अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना कर रहा है। पॉलिथीन पर सख्ती से निपटने की बात कही गई।

<><><><><><><>

नगर परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष साहुल हमिद ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ समिति सदस्यों के साथ देर शाम राज निवास में अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के माननीय उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात की। श्री विजयपुरम में जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन की आवश्यकता, स्वच्छ भारत मानकों को उन्नत करने और वार्डों के विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई।

<><><><><><><>

माननीय उप–राज्यपाल ने राजस्व विभाग की उच्च स्तरीय सेवाओं को सरल बनाने की स्वीकृति दे दी है। प्रशासन सुगमता की दिशा में नो–ड्यूस सर्टिफिकेट और नॉन–इंकमब्रेंस और मूल्यांकन प्रमाणपत्र के साथ–साथ पेट्रोलिमय अधिनियम उन्नीस सौ चौंतीस और पेट्रोलियम नियम दो हजार दो और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत लाइसेंसिंग प्रक्रिया को सरल बनाया गया है।

<><><><><><><>

बिजली कटौती की चिंताजनक स्थिति को देखते हुए अंडमान निकोबार प्रादेशिक कांग्रेस समिति के अध्यक्ष रंगलाल हलदार ने बिजली विभाग से अपील की है कि वह नागरिकों को इस समस्या से जल्द राहत

दिलाएं। उन्होंने कहा कि स्थानीय नागरिकों को हर रोज़ सात घंटे तक बिजली न आने से गंभीर समस्याओं का समाना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग तत्परता और पारदर्शिता के साथ काम करें।

<><><><><><>

अंडमान और निकोबार साइबर क्राइम पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने नकली मोबाइल अप्लीकेशन के इस्तेमाल से जुड़े डिजिटल भुगतान, धोखाधड़ी रैकेट का पर्दाफ़ाश किया है। देश के जाने–जाने एक ऐप के जरिए भुगतान प्लेटफार्म के नकली संस्करण का उपयोग करके घोटालों को अंजाम देने में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन जालसाज़ों ने दुकानदारों, ऑटो रिक्शा चालकों और आम जनता को निशाना बनाकर उनसे रूपये ऐंठे थे। फर्जी लेन–देन के ट्रांजक्शन दिखाकर उन्होंने पीड़ितों को गुमराह करने का काम किया, जिससे पीड़ितों की मेहनत का कमाया हुआ पैसा डूब गया। इस ऑपरेशन का नेतृत्व साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन के एस एच ओ इंस्पेक्टर साहिल समसुद्दीन, एस आई दिनेश कुमार जायसवाल एवं अन्य पुलिस कर्मियों ने किया।

<><><><><><>

अंडमान और निकोबार पुलिस के पिचहत्तरवें बैच के कांस्टेबलों की भर्ती की फायरिंग प्रैक्टिस पुलिस फायरिंग रेंज, प्रातरापुर में आज से शुरू होगी। यह फायरिंग प्रैक्टिस सात, इक्कीस और बाईस जून को सुबह साढ़े पांच से शाम पांच बजे तक की जाएगी। नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे बताई गई तिथियों और समय पर पुलिस फायरिंग रेंज के आस–पास न रहें। अभ्यास के दौरान किसी भी व्यक्ति, मवेशी और वाहन की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी।

<><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार बॉक्सिंग एसोसिएशन ने बॉक्सिंग कोचिंग कैम्प को आगे बढ़ा दिया है। नए छात्रों को श्री विजयपुरम में हर दिन शाम चार से पांच बजे तक होने वाले कोचिंग सत्र में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। इच्छुक छात्र दस जून तक ओलम्पिक संघ कार्यालय, नेताजी स्टेडियम में अपना नाम रजिस्टर्ड करा सकते हैं।

<><><><><><>

आम जनता को सूचित किया जाता है कि प्रशासनिक कारणों से जलयान सिंधु अब आज और आठ जून को श्री विजयपुरम से जलयान नालंदा के स्थान पर लिटिल अंडमान के लिए रवाना होगा। छः और

आठ जून के जलयान नालंदा की टिकट रखने वाले लिटिल अंडमान जाने वाले यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे उसी टिकट से जलयान सिंधु की यात्रा का लाभ उठाए।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

द्वीपों के अधिकांश समाचार पत्रों ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को प्रमुखता से छापा है। राज निवास में उप–राज्यपाल एडमिरल डीके जोशी द्वारा पौधारोपण करने के समाचार को द्वीप समाचार ने अपनी हेडलाइन बनाई है। र्प्यटन विभाग और क्यारी द्वारा किए गए द्वीप एग्रो इको वॉक के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने अपने प्रथम पृष्ठ में जगह दी है। द इको ऑफ इंडिया ने द्वीपसमूह की नर्स डॉली बिश्वास को राष्ट्रपति द्वारा फ्लोरेंस नाइटिंगल अवार्ड दिए जाने के समाचार को भीतर के पृष्ठ में जगह दी है।

<><><><><><><>